निगम आयुक्त श्री रघुवंशी के दिशा निर्देश में निगम के 18 एवं 45 आयु वर्ग के व्यक्तियों को कोविड वैक्सीनेशन का कार्य 46 सेन्टरों में किया जा रहा है

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई को कोविड वैक्सीनेशन कार्य में पूरे दुर्ग में बहुत ही सराहा गया है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में निगम भिलाई में 46 वैक्सीनेशन सेन्टर चलाये जा रहें हैं। वैक्सीन की उपलब्धता के अनुसार प्रतिदिन सभी सेन्टरों में नागरिकों की भीड़ दिखाई दे रही है। वेक्सीन को लेकर नागरिकों में काफी रुझान दिख रही हैं। निगम भिलाई क्षेत्र में अब तक 192596 वेक्सीन व्यक्तियों द्वारा लगाया जा चुका है। दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा संख्या में लोगों ने वैक्सीन लगाई है। वैक्सीनेशन को लेकर निगम आयुक्त द्वारा तय की गई रणनीति बहुत ही कारगार साबित हो रही है। निगम भिलाई द्वारा वर्तमान में कोविशील्ड वैक्सीनेशन हेतु 40 सेन्टर बनाये गये हैं। जिसमें 18 एवं 45 आयु वर्ग के व्यक्तियों को प्रथम डोज तथा जिन व्यक्तियों के द्वारा कोवीशील्ड वेक्सीन लगाये 84 दिन हो चुके हैं उनको द्वितीय डोज लगाये जा रहें हैं। इसी क्रम में कोवैक्सीन वेक्सीनेशन हेतु 05 सेन्टर बनाये गये हैं जिसमें 18 एवं 45 आयु वर्ग के व्यक्तियों को द्वितीय डोज लगाये जा रहें है। निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने नियमित रुप से बनाये गये कोविड वैक्सीनेशन सेन्टर का निरीक्षण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये तथा प्रतिदिन की प्रगति से मुझे अवगत करावें। अधिक से अधिक लोगों को जल्द से जल्द वेक्सीनेशन का कार्य कराये जाने के लिए लोगों में जागरुकता लाये जिससे निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत के नागरिकों को शत् प्रतिशत पूर्ण की जा सके। इस कार्य को स्वास्थ्य अधिकारी सहित समस्त जोन आयुक्त सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें।